भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2298
उत्तर देने की तारीख 09 दिसंबर, 2024
18 अग्रहायण, 1946 (शक)

कुलपति एवं प्रोफेसरों के रिक्त पद

2298. श्री भारत सिंह कुशवाह:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ग्वालियर में लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (मानद विश्वविद्यालय) कार्य कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त संस्थान में पिछले चार वर्षों से कुलपति एवं प्रोफेसरों के पद रिक्त पड़े हैं जिसके कारण विभिन्न खेलकूद एवं शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त संस्थान की राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) की मान्यता भी रद्द कर दी गई है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार का विचार उक्त संस्थान में कुलपति और प्रोफेसरों के रिक्त पदों को भरने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई) (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय) ग्वालियर में कार्यशील है तथा यूजीसी अधिनियम 1956 की धारा 3 के तहत इसे डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है। संस्थान का विवरण वेबसाइट http://www.lnipe.edu.in पर उपलब्ध है।

(ख) (घ) और (ङ): पिछले चार वर्षों से नियमित कुलपति का पद रिक्त है। वर्तमान में संस्थान के सबसे वरिष्ठ प्रोफेसर कुलपति का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे है, जो 15.08.2024 से छह महीने की अवधि या नियमित पदधारी की नियुक्ति या अगले आदेशों तक जो भी पहले हो, रहेगा। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने कुलपति की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है और इस उद्देश्य के लिए एक सर्च कम सिलेक्शन कमिटी का गठन किया गया है, जिसने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।

वर्तमान में एलएनआईपीई में प्रोफेसरों के केवल 3 पद रिक्त हैं और संस्थान ने प्रोफेसरों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

संस्थान में विभिन्न खेल और शैक्षणिक कार्यकलापों की देखभाल के लिए आवश्यक संख्या में शिक्षण संकाय और प्रशिक्षक हैं।

(ग) जी नहीं।

*****